# द्रविड़ के हितों के टकराव के मुद्दे की सुनवाई खत्म

## ● जल्द आएगा फैसला

एजेंसी। नई दिल्ली



भारत के महान क्रिकेटर राहुल द्रविड़ को लेकर चल रहे हितों के कथित टकराव के मामले की सुनवाई मंगलवार को यहां समाप्त हुई और बीसीसीआई के आचरण अधिकारी डीके जैन ने कहा कि उनका आदेश जल्द ही आ सकता है। एमपीसीए के आजीवन सदस्य संजीव गुप्ता ने द्रविड़ के खिलाफ राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख के तौर पर मौजूदा भूमिका और इंडिया सीमेंट्स के कर्मचारी होने के नाते हितों के कथित टकराव की शिकायत दर्ज की थी। जैन ने पीटीआई से कहा, सुनवाई समाप्त हो गई है। आपको जल्द ही इस मामले पर आदेश मिल सकता है। पूर्व भारतीय कप्तान द्रविड़ ने 26 सितंबर को मुंबई में हुई व्यक्तिगत सुनवाई में अपना पक्ष रखा था। हालांकि आचरण अधिकारी ने सोमवार को दूसरी बार द्रविड़ को आने के लिए कहा। पीटीआई को पता चला है कि एनसीए प्रमुख का प्रतिनिधित्व उनके वकील ने किया। बोर्ड अधिकारी ने कहा, बीसीसीआई के वकील और शिकायतकर्ता गुप्ता का पक्ष भी सुना गया।

# बीसीसीआई का संशोधित संविधान में बदलाव करना न्यायालय का उपहास होगा

## ● लोढ़ा समिति के सचिव ने उठाई आपत्ति

एजेंसी। नई दिल्ली





बीसीसीआई का नया संविधान तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले लोढ़ा समिति के सचिव गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर किए गए सुधारों में बदलाव करने की बोर्ड की योजना देश की सर्वोच्च न्यायिक सत्ता का उपहास होगा। शंकरनारायणन का मानना है कि उच्चतम न्यायालय की अब भी इस मामले में भूमिका है और उसे उचित कदम उठाने चाहिए अन्यथा बीसीसीआई के प्रशासनिक ढांचे में सुधार करने के उसके सारे प्रयास बेकार चले जाएंगे। उन्होंने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, अगर ऐसा करने की अनुमति दी जाती है और अगर अदालत में इसे चुनौती नहीं दी जाती और न्यायालय में भी इसे चुनौती नहीं मिलती या वह इस पर संज्ञान नहीं लेता है तो इसका मतलब न्यायालय और पिछले वर्षों में किए गए कार्यों का उपहास करना होगा। संशोधित संविधान में बदलाव का प्रस्ताव शनिवार को सामने आया जब बीसीसीआई के नए सचिव जय शाह ने बोर्ड की एक दिसंबर को मुंबई में होने वाली वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के लिए एजेंडा तैयार किया। सबसे प्रमुख संशोधनों में पदाधिकारियों के लिए विश्राम की अवधि (कूलिंग ऑफ पीरियड) से जुड़े नियमों को बदलना, अयोग्यता से जुड़े विभिन्न मानदंडों को शिथिल करना और संविधान में बदलाव करने के लिए उच्चतम न्यायालय से मंजूरी लेने की जरूरत को समाप्त करना शामिल हैं। इसका मतलब होगा कि जहां तक क्रिकेट प्रशासन और सुधारों की बात है तो फिर से पुराने ढेंं पर लौट जाना। अधिकतर महत्वपूर्ण बदलावों का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। शंकरनारायणन लोढ़ा समिति के सचिव थे जिसे उच्चतम न्यायालय ने देश के क्रिकेट प्रशासन में सुधार करने के लिए 2015 में नियुक्त किया था। पूर्व मुख्य न्यायाधीश आर एम लोढ़ा इस समिति के अध्यक्ष थे जिसमें उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायधीश आर वी रवींद्रन और अशोक भान भी शामिल थे। शंकरनारायणन ने कहा कि अगर बदलावों को अपनाया जाता है तो उन्हें अदालत में चुनौती दी जा सकती है। वे यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि जब वह (बीसीसीआई) (संविधान में) बदलाव करेगा तो उन्हें उच्चतम न्यायालय की अनुमति की जरूरत नहीं होगी। सुधारों का खाका तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले शंकरनारायणन का हालांकि मानना है कि शीर्ष अदालत भी वर्तमान स्थिति के लिए आंशिक रूप से जिम्मेदार है क्योंकि उसने सुधारों को कमजोर करने में भूमिका निभाई। अगर संशोधन सर्वसम्मत हैं तो इससे कोई अंतर नहीं पड़ता। मेरे विचार में अदालत की भी भूमिका होगी क्योंकि अदालत की इस सब में भूमिका रही है। यह विशिष्ट था जब प्रारंभिक सुधारों को (2016 में) मंजूरी दी गई। इसके बाद पिछले साल प्रशासकों की समिति (सीओए) द्वारा तैयार और प्रस्तुत किए गए संविधान को मंजूरी दी गई। वे संभवत: इस पर यह तर्क देने की कोशिश कर सकते हैं कि देखो, उच्चतम न्यायालय ने हमें अपने खुद के संविधान में संशोधन करने से नहीं रोका था, इसलिए हम इसमें संशोधन करने और हर तरह के बदलाव करने में सक्षम हैं। यह चीजों को देखने का संकीर्ण तरीका है।

# सौरभ हांगकांग ओपन के मुख्य ड्रा में पहुंचे



## ● श्रीकांत को वाकओवर मिला

एजेंसी। हांगकांग

भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने पहले दौर में वाकओवर मिलने के बाद खेले बिना ही हांगकांग ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया जबकि सौरभ वर्मा ने मंगलवार को दो क्वालीफाईंग मुकाबलों में सीधे गेम में जीत दर्ज करके मुख्य ड्रा में प्रवेश किया। श्रीकांत को केंतो मोमोता से खेलना था लेकिन दुनिया के नंबर एक इस जापानी खिलाड़ी ने नाम वापिस ले लिया। इसका कारण नहीं पता चल सका है। अब श्रीकांत का सामना हमवतन सौरभ या फ्रांस के ब्राइस लेवेरदेज से होगा। क्वालीफायर्स में चौथी वरीयता प्राप्त सौरभ ने पहले थाईलैंड के तानोंगसाक सीसोमबूनसुक को 21-15, 21-19 से और फिर फ्रांस के लुकास क्लेरबोट को 21-19, 21-19 से हराकर मुख्य ड्रा में जगह बनाई। मिश्रित युगल में भारत के सात्विक साइराज रांकिरेड्डी और अश्विनी पोनप्पा ने थाईलैंड के निपितपोन फुआंगफुआपेत और सावित्री अमित्रापाइ को 16-21, 21-19, 21-17 से मात दी। दूसरे मिश्रित युगल मैच में हालांकि भारत के प्रणाव जेरी चोपड़ा और एन सिक्की रेड्डी को थाईलैंड के देचापोल पुआवारानुकरोह और सापसिरी ताएरात्तानाचाइ पे 21-10, 21-18 से हराया। मुख्य ड्रा के मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे जिसमें पुरुष एकल में बी साई प्रणीत, समीर वर्मा, एच एस प्रणय और पारूपल्ली कश्यप भी भाग लेंगे। सौरभ के भाई समीर ताइपै के जु वेई वान से भिड़ेंगे। बी साई प्रणीत का सामना चीन के तीसरे वरीय शी यु क्वी से होगा जबकि प्रणय और कश्यप क्रमश: चीन के हुआग यु झ़ियांग और जापान के केंटा निशिमोतो का सामना करेंगे।



### साइ प्रणीत शीर्ष 10 में , श्रीकांत 13वें स्थान पर खिसके

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बी साइ प्रणीत एक पायदान चढकर ताजा डब्ल्यूएफ रैंकिंग मे दसवे स्थान पर पहुंच गए जबकि किदाम्बी श्रीकांत तीन पायदान खिसककर 13वे स्थान पर आ गए। अगस्त मे विश्व चैम्पियनशिप मे कांस्य पदक जीतने वाले साइ प्रणीत शीर्ष दस मे पहुंच गए जबकि श्रीकांत इससे बाहर हो गए। समीर वर्मा एक पायदान चढकर 16वे स्थान पर आ गए। महिला रैंकिंग मे पी वी सिंधू छठे और साइना नेहवाल नौवे स्थान पर बनी हुई है।

# नडाल को पहले ही मैच में मिली हार

## ● एटीपी फाइनल्स जेवरेव की जीत

एजेंसी। लंदन



विश्व के नंबर एक खिलाड़ी राफेल नडाल को एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में मौजूदा चैंपियन अलेक्सांद्र जेवरेव से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा जबकि स्टीफेनोस सिटसिपास ने भी शानदार शुरुआत की। अपने करियर में अब तक इस टूर्नामेंट को जीतने में नाकाम रहे नडाल चोट से उबरने के बाद यहां कोर्ट पर उतरे लेकिन जेवरेव ने सोमवार को खेले गए मैच में उन्हें 6-2, 6-4 से करारी शिकस्त दी। आंद्रे अगासी ग्रुप में ही इससे पहले खेले गए राउंड रोबिन मैच में छठी वरीयता प्राप्त सिटसिपास ने डेनिल मेदवेदेव को 7-6 (715), 6-4 से हराया।

नडाल के लिए टूर्नामेंट महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें हार से वह नोवाक जोकोविच के हाथों अपना नंबर एक स्थान गंवा सकते हैं। जर्मनी के जेवरेव के खिलाफ इस मैच से पहले उनका रिकार्ड 5-0 था लेकिन वह शुरू से ही लय में नहीं दिखे। जोकोविच ने रविवार को मैटियो बेरेटिनी के खिलाफ जीत दर्ज करके अपने छठे एटीपी फाइनल्स खिताब की शानदार शुरुआत की लेकिन रोजर फेडरर को डोमिनिक थीम के हाथों सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा था।

**छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित**
**छठवीं मंजिल, टॉवर "सी", कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, सी.बी.डी. सेक्टर-21, नवा रायपुर, अटल नगर, (छ.ग.) 492002**

website-www.markfed.cg.nic.in Email.id:mf_ctrlroom_raipur@gov.in
क्र./विप./G.P.S./4000/2019 न.रा.अ.नं. दिनांक 08.11.2019

**Chhattisgarh state cooperative Marketing Federation Ltd**
**Notice Inviting Tender For selection of SI for supply, installation, development, implementation and maintenance of GPS based vehicle tracking system.**

C.G. Markfed invites the Request for Proposal for selection of SI for supply, installation, development, implementation and maintenance of GPS based vehicle tracking system more detail on the services/ SoW are provided in the RFP document available on website - www.markfed.cg.nic.in and on https://eproc.cgstate.gov.in/

Online submission of rate/bid can be filled online through website - https://eproc.cgstate.gov.in dated from 08.11.2019 to 22.11.2019, For E-tender related process and information bidder can contact Mjunction. email - helpdesk.cgeproc@gmail.com Phone No-18002582502

GENRAL MANAGER
(Markfed)
Samvad-23490/6

## मौके बनाना ही काफी नही, हमें इन पर गोल करने होंगे: छेत्री

एजेंसी। दुबई

करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री ने मंगलवार को कहा कि भारतीय टीम के साथी खिलाड़ियों को गुरूवार को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले विश्व कप क्वालीफाइंग दौर के अहम मैच में सुधरा प्रदर्शन करना होगा। एशियाई चैम्पियन कतर (0-0 ड्रा) के खिलाफ प्रेरणादाई प्रदर्शन के बाद भारत ने अपनी से निचली रैंकिंग पर काबिज बांग्लादेश से।-। से ड्रा खेला। कोच इगोर स्टिमक की टीम अब ग्रुप ई तालिका में दो अंक के साथ चौथे स्थान पर काबिज हैं और क्वालीफाइंग दौर में दौड़ में बने रहने के लिए भारत के लिए ताजिकिस्तान के दुशानबे में गुरूवार को होने वाला मैच काफी महत्वपूर्ण होगा। छेत्री ने कहा कि टीम को इस चीज पर ज्यादा ध्यान लगाना होगा कि वह मिले मौकों को गोल में तब्दील करे। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ कुछ मौके बनाए लेकिन आदिल खान के 88वें मिनट में हेडर से किए गए गोल के अलावा वे मौकों का फायदा नहीं उठा सके। छेत्री ने दुबई स्पोर्ट्स सिटी में ट्रेनिंग के बाद कहा, हम मौके बना रहे हैं। लेकिन इतना ही काफी नहीं है। हमें उन्हें गोल में तब्दील करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ करना होगा और मजबूत इकाई बनना होगा। हमने बांग्लादेश के खिलाफ मौके गंवा दिए और हमें अफगानिस्तान के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। लेकिन अंत में अगर हम पिच पर अपना सर्वश्रेष्ठ कर सकते हैं तो हम खुश होंगे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. जमिल, पुत्र शाह मोहम्मद, निवासी:** मकान नं. 25, नजदीक ओखला टैन्क, हरकेश नगर, दिल्ली **FIR No. 601/15, U/S 379/411/34 IPC,** थाना कश्मीरी गेट, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मो. जमिल** मिल नही रहा हैं और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मो. जमिल** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr. P.C. की कार्यवाही जारी हो चुका है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 601/15, U/S 379/411/34 IPC** के उक्त अभियुक्त **मो. जमिल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.12.2019** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
छवी कपूर
एम एम(मध्य), कमरा नं.-142,
तीस हजारी कोर्ट, नई दिल्ली
DP/592/N/19

### कथुनिया को विश्व पैरा एथलेटिक्स में कांस्य, दो और भारतीयों को कोटा

**दुबई।** योगेश कथुनिया ने तीन फाउल प्रयासो से उबरते हुए विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप मे पुरूषो के चक्काफेंक एफ56 फाइनल मे कांस्य पदक जीता। भारत ने इसके साथ ही तोक्यो पैरालम्पिक 2020 के लिए सातवां कोटा स्थान हासिल किया। प्रवीण कुमार ने भारत को छठा कोटा दिलाया जो पुरूषो की ऊंची कूद टी64 फाइनल मे चौथे स्थान पर रहे। अंतरराष्ट्रीय पैरालम्पिक समिति के नियमो के अनुसार विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप मे व्यक्तिगत वर्ग मे मैराथन को छोड़कर शीर्ष चार स्थानो पर रहने वाले खिलाड़ी को पैरालम्पिक का कोटा मिलेगा। कथुनिया ने छठे प्रयास मे 42 . 51 मीटर की दूरी तय करके कांस्य पदक जीता। भारत के इस चैम्पियनशिप मे दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक हो गए है।

### दबाव से ब्रेक लेने की गुंजाइश नहीं: गोपीचंद

**मुंबई।** मुख्य कोच पुलेला गोपीचंद ने कहा कि अनिवार्य टूर्नामेंट के व्यस्त कैलेंडर के साथ ओलंपिक क्वालीफिकेशन के दबाव से खिलाड़ियो को राहत नही मिल रही जिससे खराब फार्म से जूझने के अलावा उन्हे चोटों का सामना करना रहा है। केवल भारतीय खिलाड़ी ही नही बल्कि दुनिया भर के सभी शीर्ष खिलाड़ी इस समस्या से जूझ रहे है। कोई राहत नही है। आप वास्तव मे काफी ज्यादा टूर्नामेंट खेल रहे हो। अगर आप विश्व बैडमिंटन को देखो तो ताई (जु यिंग) से कैरोलिना मारिन तक कई खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। आदर्श यही होता कि पीवी सिंधू ने आराम किया होता लेकिन विश्व बैडमिंटन आपके लिए सभी 1000, 750 और 500 स्तर के टूर्नामेंट मे खेलना अनिवार्य कर देता है। इसलिए हम 14-15 टूर्नामेंट खेल लेते है जो आनिवार्य है।

### मिश्रा की हैट्रिक से उत्तराखंड ने गोवा को हराया

**विशाखापत्तनम।** बाएं हाथ के स्पिनर मयंक मिश्रा की हैट्रिकि के दम पर उत्तराखंड ने सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी20 टूर्नामेंट मे गोवा को आठ विकेट से हरा दिया। मिश्रा ने आदित्य कौशिक (चार), अमित वर्मा (0) और सुयश प्रभुदेसाइ (0) को दूसरे ओवर में आउट किया। गोवा के चार विकेट महज सात रन के योग पर गिर गए थे। गोवा की टीम 20 ओवर मे नौ विकेट पर 119 रन ही बना सकी। स्नेहल कौथानकर ने 57 रन बनाए। त्तराखंड ने 3 . 2 ओवर बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

## आईओसीएल ने बेटन कप फिर जीता




एजेंसी। कोलकाता

इंडियन आइल कारपोरेशन लिमिटेड ने पंजाब नेशनल बैंक को 2-0 से हराकर अखिल भारतीय बेटन कप हाकी टूर्नामेंट जीत लिया। आईओसीएल के लिए दोनों गोल तीसरे क्वार्टर में कारजविंदर सिंह और गुरजिंदर सिंह ने दागे। पिछली बार आईओसीए ने ओएनजीसी को हराकर खिताब जीता था।

### बाजवा व सेखों को पुरूषों की स्कीट टीम स्पर्धा में रजत

**दोहा।** अंगद वीर सिंह बाजवा ने 14वीं एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में पुरूषों के स्कीट वर्ग में स्वर्ण और ओलंपिक कोटा जीतने के बाद मिश्रित टीम स्पर्धा में गनीमत सेखों के साथ रजत पदक जीता। बाजवा और सेखों की जोड़ी फाइनल में चीन के वेइ मेंग और जिन दि से 36 . 33 से हार गई। बाजवा ने सोमवार को पुरूषों की स्कीट स्पर्धा में ओलंपिक कोटा हासिल किया था। पुरूषों के 50 मीटर पिस्टल वर्ग में गौरव राणा ने रजत और अर्जुन चीमा ने कांस्य पदक जीता। गौरव, अर्जुन और मनु तोमर ने टीम वर्ग में भी कांस्य पदक हासिल किया। प्रतिभाशाली युवा धनुष श्रीकांत ने 10 मीटर एयर राइफल जूनियर व्यक्तिगत और टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। भारत के ही शाहू तुषार माने को कांस्य पदक मिला। हृदय हजारिका सातवें स्थान पर रहे। तीनों ने हालांकि चीन और कोरिया को हराकर टीम वर्ग का स्वर्ण पदक जीता। जूनियर बालिका वर्ग में श्रेया अग्रवाल को रजत से संतोष करना पड़ा जो चीन की यान जिनजिंग से हार गई। श्रेया, खुशी और आकृति दहिया को टीम वर्ग में कांस्य पदक मिला। भारत के अब 24 स्वर्ण, 22 रजत और 22 कांस्य समेत 68 पदक हो गए हैं।

### मनीष उलटफेर भरी जीत से प्री-क्वार्टर में

**पुणे।** भारतीय युवा खिलाड़ी मनीष सुरेशकुमार ने मंगलवार को यहां केपीआईटी एमएसएलटीए चैलेंजर में जापान के 16वें वरीय रियो नोगुची को हराकर उलटफेर करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि सिद्धार्थ रावत ने स्थानीय प्रबल दावेदार अर्जुन काधे को पराजित किया। चेन्नई के 20 साल के खिलाड़ी (748 रैंकिंग) ने एक घंटे 36 मिनट तक चले 408वीं रैंकिंग के नोगुची को 6-3 7-6 से मात दी। इस दिन 11 भारतीय खिलाड़ी खेल रहे थे। क्वालीफायर और पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन दलविंदर सिंह ने हमवतन खिलाड़ी कृणाल आनंद को 6-3 6-4 से शिकस्त दी। कजा विनायक शर्मा ने दो घंटे 16 मिनट तक चले मैच में क्वालीफायर तेजस चाउकुलकर को 7-6 6-7 6-4 से हराया। रावत ने एक घंटे 40 मिनट में काधे को 6-2 3-6 6-3 से शिकस्त दी। यूनान के मार्कोस कालोवेलोनिस ने विजय सुंदर प्रशांत को 6-2 6-4 से जबकि ट्यूनीशिया के अजीज डौगाज ने आदिल कल्याणपुर को 6-3 7-6 से पराजित किया।

### एस्ट्रो टर्फ और कड़ाके की ठंड से अफगानिस्तान के खिलाफ मैच कठिन होगा: स्टिमक

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबाल कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को स्वीकार किया कि एस्ट्रो टर्फ पर कड़ाके की ठंड में ताजिकिस्तान के दुशांबे में अफगानिस्तान के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले में भिड़ना आसान नहीं होगा। अफगानिस्तान के खिलाफ उसके यहां 14 नवंबर को होने वाला मैच भारत के लिए विश्व कप क्वालीफाइंग की दौड़ में बने रहने के लिए काफी अहम है। अफगानी टीम ग्रुप में एक जीत और दो हार से तीसरे स्थान पर काबिज है और इस तरह वह भारत से एक पायदान ऊपर है जिसने दो मुकाबले ड्रा खेले हैं जबकि उसे एक में हार मिली है। स्टिमक ने पीटीआई से कहा, भारत में अभी जो मौसम में है, उसकी तुलना में दुशानबे में मौसम बिलकुल ही अलग है। वहां बहुत ठंड है और पारा शून्य डिग्री के करीब तक गिर जाता है। अफगानिस्तान ने विश्व कप के दूसरे दौर के क्वालीफायर के लिए घरेलू स्थल के रूप में दुशान्बे को चुना है। ग्रुप ई का यह मैच कृत्रिम टर्फ पर खेला जाएगा। स्टिमक ने कहा, साथ ही मैच कृत्रिम टर्फ पर होगा जिस पर हमारे खिलाड़ी खेलने के आदी नहीं हैं। अफगानिस्तान ने यह स्थल खिलाड़ियों के लिए मुश्किल पैदा करने के लिए चुना है और हमारे लिए इससे उबरना मुश्किल काम होगा। भारतीय टीम अभी ग्रुप ई में दो अंक से चौथे स्थान पर बनी हुई है, उसने एशियाई चैम्पियन कतर और बांग्लादेश से लगातार ड्रा खेले। टीम गुवाहाटी में पांच सितंबर को हुए अपने पहले मैच में ओमान से हार गई थी। भारतीय टीम करिश्माई सुनील छेत्री के कारण 10 नवंबर के बाद रवाना हुई क्योंकि उनके क्लब बेंगलुरू एफसी को इंडियन सुपर लीग मैच खेलना था। अब टीम मैच से महज एक दिन पहले कल दुशान्बे पहुंचेंगी। उन्होंने कहा, यात्रा और फ्लाइट का समय काफी मुश्किल भरा है। हम बीती रात दुबई पहुंचे और सुबह यहां ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया। हम आज शाम को दुशानबे के लिए रवाना होंगे और कल (13 नवंबर) को वहां पहुंचेंगे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सलमा उर्फ गुण्डी पत्नी जसीम निवासी म.नं. 773, डी ब्लॉक, जे.जे. कालोनी, बवाना, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 894/15 भा.द.स. की धारा 454/380/511/34 के तहत, थाना कोतवाली, नोर्थ दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त सलमा उर्फ गुण्डी मिल नही रही है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त सलमा उर्फ गुण्डी फरार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 894/15 भा.द.स. की धारा 454/380/511/34 के तहत, थाना कोतवाली, नोर्थ दिल्ली** के उक्त अभियुक्त सलमा उर्फ गुण्डी से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 13.12.2019 को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रज्ञा गुप्ता
महानगर दण्डाधिकारी-12, कक्ष संख्या-21
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली
DP/591/N/19 - (Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मोहित मुदगल** पुत्र **श्री भागवत दयाल** पता **मकान नं. 134-डी, एक्सटेशन-2डी, नांगलोई, दिल्ली** ने एफआईआर संख्या **134/18 धारा 33/47 दिल्ली एक्साइस एक्ट** के तहत **थाना लाहोरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहित मुदगल** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहित मुदगल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर संख्या **134/18 धारा 33/47 दिल्ली एक्साइस एक्ट** के तहत **थाना लाहोरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहित मुदगल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.12.2019** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सुनील गुप्ता
महानगरीय दण्डाधिकारी
कमरा नं. 345, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/561/N/19
-(Court Matter)

**FORM A**
**PUBLIC ANNOUNCEMENT**

*(Under Regulation 6 of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016)*

**FOR THE ATTENTION OF THE CREDITORS OF M/s V.A.M. RESORTS AND HOTELS PRIVATE LIMITED**

| RELEVANT PARTICULARS | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of corporate debtor | V.A.M. Resorts And Hotels Private Limited |
| 2 | Date of incorporation of corporate debtor | 18-12-1998 |
| 3 | Authority under which corporate debtor is incorporated / registered | Registrar of Companies-Kanpur |
| 4 | Corporate Identity No. / Limited Liability Identification No. of corporate debtor | U55101UP1998PTC024082 |
| 5 | Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor | Opp. Appex College Ved Vyas Puri, Meerut- Dehradun By Pass Road Meerut 250103 (UP) |
| 6 | Insolvency commencement date in respect of corporate debtor | 24-10-2019 (Copy of order received by IRP on 12-11-2019) |
| 7 | Estimated date of closure of insolvency resolution process | 20-04-2020 |
| 8 | Name and registration number of the insolvency professional acting as interim resolution professional | Mr. Ashish Singh IBBI/IPA-002/IP-N00416/2017-18/11230 |
| 9 | Address and e-mail of the interim resolution professional, as registered with the Board | Flat No. 515, Baghban Apartment, Pocket Gh-2 Sector-28 , Rohini, New Delhi, National Capital Territory Of Delhi , 110042. E-mail Id: ashishsinghcs@gmail.com |
| 10 | Address and e-mail to be used for correspondence with the interim resolution professional | 407, 4th Floor, Indraprakash Building Barakhamba Road, New Delhi-110001 Email id: vamresorts.ip@gmail.com |
| 11 | Last date for submission of claims | 26-11-2019 |
| 12 | Classes of creditors, if any, under clause (b) of sub-section (6A) of section 21, ascertained by the interim resolution professional | Not Applicable |
| 13 | Names of Insolvency Professionals identified to act as Authorised Representative of creditors in a class (Three names for each class) | Not Applicable |
| 14 | (a) Relevant Forms and (b) Details of authorized representatives are available at: | (a) www.ibbi.gov.in (a) Not Applicable |

Notice is hereby given that the National Company Law Tribunal, Allahabad, has ordered the commencement of a Corporate Insolvency Resolution Process of the **V.A.M. Resorts And Hotels Private Limited** on **24-10-2019** (copy of Hon'ble NCLT, Allahabad order received on 12-11-2019).
The creditors of **V.A.M. Resorts And Hotels Private Limited** are hereby called upon to submit their claims with proof on or before **26-11-2019** to the interim resolution professional at the address mentioned against entry No. 10.
The financial creditors shall submit their claims with proof by electronic means only. All other creditors may submit the claims with proof in person, by post or by electronic means.
A financial creditor belonging to a class, as listed against the entry No. 12, shall indicate its choice of authorised representative from among the three insolvency professionals listed against entry No.13 to act as authorised representative of the class [NA] in Form CA.
**Submission of false or misleading proofs of claim shall attract penalties.**

Sd/-
Ashish Singh
Interim Resolution Professional
Reg No- IBBI/IPA-002/IP-N00416/2017-2018/11230

Date: 12-11-2019
Place: New Delhi